कलेक्टर ने लिया मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बुधवार को बालकृष्ण स्टेडियम पहुंच कर मतगणना की व्यवस्थाएं देखी और दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद सीईओ राहुल जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश बुनकर, एडिशनल एसपी शिवलाल बैरवा, नगर परिषद आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी सक्सेना ने चारों विधानसभा क्षेत्र भीम, कुंभलगढ़, राजसमंद एवं नाथद्वारा के मतगणना कक्षों को देखा। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए। उन्होंने सभी काउंटिंग कक्षों की अ%छे से साफ सफाई कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर आवश्यक इंतजाम करने की बात कही। इसके अलावा माइक व्यवस्था, उद्घोषणा, मीडिया सेंटर, वाहनों की पार्किंग, आवाजाही सहित अन्य कई व्यवस्थाओं को देखा विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समय पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सक्सेना ने कहा कि मतगणना की व्यवस्था में कोई कमी या कोताही नहीं रहे एवं मतगणना शांतिपूर्ण सुचारू ढंग से सम्पन्न हो।

बांसवाड़ा । जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र शर्मा एवं पुलिस

अधीक्षक अभिजीत सिंह ने संयुक्त रूप में गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय में मतगणना स्थल पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिये। इस मौके पर दोनों अधिकारियों ने मतगणना कक्षों को देखा तथा ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए किये गये प्रबंधों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश राय सापेला भी साथ थे।

मतगणना संवेदनशील कार्य, हर प्रोटोकॉल की हो पालना

डूंगरपुर । विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना का प्रथम प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मी नारायण मंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम हॉल में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमेन्द्र नागर ने मतगणना से संबंधित विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किए। प्रशिक्षण में भाग ले रहे अधिकारियों व कार्मिकों से प्रश्न पूछकर प्रशिक्षण की गुणवत्ता को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। नागर ने कहा कि 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से श्री भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर में मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना में शामिल प्रत्येक कर्मचारी को इससे 1 घंटा पहले यानी सुबह 7 बजे अपनी टेबल पर पहुंचना जरूरी है। मतगणना हॉल में ईवीएम से वोटों की गिनती के लिए 12 टेबल लगेंगी। वहीं, ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट से प्राप्त मतों की गणना के लिए प्रत्येक विधानसभावार चार टेबल अलग से लगेंगी। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गितेश श्रीमालवीय ने मतगणना संबंधित विस्तृत जानकारी देकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित हर प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण इसीलिए रखा गया है कि कोई भी कर्मचारी अपना संशय दूर कर सके। सभी प्रशिक्षणार्थी अपनी जिज्ञासा रख सकते हैं और प्रशिक्षण से लौटते समय कोई भी संशय मन में नहीं रहना चाहिए।

प्रशिक्षण में ईवीएम-वीवीपैट का लाइव डेमो भी दिखाया गया और मतगणना से संबंधित बारीकियों पर विशेषज्ञों ने प्रकाश डाला। प्रशिक्षक में दक्ष प्रशिक्षक रमेशचन्द्र जोशी, वैभव पाठक, ललित जोशी और रवि कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में डाकमत पत्रों की गिनती, ईवीएम से गिनती आदि के बारे में पीपीटी के माध्यम से बिन्दुवार प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतगणना का द्वितीय प्रशिक्षण 2 दिसम्बर को शाम 3 बजे विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम, डूंगरपुर में आयोजित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से बुधवार को मतगणना से संबंधित विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषज्ञों पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मी नारायण मंत्री, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमेन्द्र नागर, चारों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डीओआईटी के वीसी कक्ष से प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विशेषज्ञों ने ईटीपीबीएस, पोस्टल बैलेट काउंटिंग और ईवीएम काउंटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मतगणना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज

चित्तौड़गढ़। जिले की पांचों विस सीटों पर संपन्न हुए विधानसभा चुनाव एवं 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर एक दिवसीय मतगणना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। मनोज पारीक ने बताया कि कार्यालय पर दोपहर 12 बजे से प्रदेश मतगणना प्रशिक्षण प्रभारी पिंकेश पोरवाल, प्रदेश प्रतिनिधि मतगणना गोविंद कंसारा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पांचो विधानसभाओ के मतगणना एजेंटों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गैंजी गांव के निकट बाइक फिसलने युवक का पैर फैक्चर

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। गैंजी गांव के निकट बुधवार देर शाम को बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक एक पैर फैक्चर हो गया। डूंगरपुर जिला अस्पताल में इलाज जारी है। माड़ा गामड़ी गांव निवासी रितिक पुत्र उदयलाल रोत गांव से बाइक लेकर गैंजी की तरह जा रहा था। इस दौरान गैंजी गांव से कुछ ही दूरी कोला तलाई मार्ग पर रितिक रोत की बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता:** http://www.ireps.gov.in **2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 22.12.2023 को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 22.12.2023 को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या:** 07TRD-JU-ETENDER-23 -24R **कार्य का नाम:** TRD work in c/w Construction of LHS at various section of Jodhpur Division and launching of composite girders for the ROB of Jodhpur Division. **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** ₹ 6207395.60 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें। 1218-AC/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करे

उम्मीद हाऊसिंग फायनान्स प्राइवेट लिमिटेड
UMMEED HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालय : यूनिट 809-815, 8वीं मंजिल, टॉवर - ए, ईएमएआर डिजिटल ग्रीन्स गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर- 61, गुरुग्राम -122002 (हरियाणा)
सीआईएन : U65922HR2016PTCO57984

परिशिष्ट IV [नियम 8(1)] कब्ज़ा नोटिस देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरी उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन (अधिनियम, 2002 (2002 का 54)) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों के [नियम 3] के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें संबंधित उधारकर्ताओं को रसीद की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। उक्त उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता झारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने भौतिक कब्जा ले लिया है। इस तिथि को सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का उपयोग किया जाएगा।

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ लेन-देन उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा। उसमें निर्दिष्ट राशि के लिए संबंधित तारीखों से आगे ब्याज, लागत और शुल्क के साथ पूर्ण भुगतान तक।

उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधान की ओर दिलाया जाता है।

उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों, प्रतिभूतियों, बकाया देय, धारा 13 (2) के तहत भेजे गए मांग नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि और कब्जे की तारीख का विवरण निम्नानुसार है:

उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर का नाम और पता, ऋण खाता संख्या और ऋण राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	मांग सूचना तारीख	देय राशि रुपये में
1. सुभाष कटारिया पुत्र कुलदाराम (उधारकर्ता) 2. सुनीता कुमारी पत्नी सुभाष (सह-उधारकर्ता) 3. श्रावणी देवी पत्नी कुलदाराम (सह-उधारकर्ता) 4. कुलदा राम कटारिया पुत्र गुमान राम (सह-उधारकर्ता) उपरोक्त सभी यहाँ रहते हैं: अम्बेडकर कॉलोनी, वार्ड नंबर 5, पलसाना, तहसील, दांतारामगढ़, सीकर-332402. इसके अलावा- 233 पुराना बाज़ार, पलसाना तहसील दांतारामगढ़ सीकर राजस्थान-332402	आवासीय भूखंड की संपत्ति का वह सभी हिस्सा और पार्सल पट्टा क्रमांक 4130, माप 178.83 वर्ग यार्ड्स ग्राम पलसाना, ग्राम पंचायत पलसाना में स्थित, पंचायत पिपराली जिला सीकर-राजस्थान की सीमाएँ: उत्तर: भागीरथ कटारिया दक्षिण: प्रहलाद कटारिया पूर्व: आम रास्ता पश्चिम: मैदाराम कटारिया	11 सितम्बर 2023 प्रतीकात्मक कब्जा तारीख 24 नवंबर, 2023	रु.5,95,594.09/- (रुपए पाँच लाख पिचानवे हज़ार पाँच सौ चौरानवे व नौ पैसे मात्र) अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ दिनांक 12 सितम्बर 2023 से

ऋण संख्या LXSIK02318-190004057 ऋण अनुबंध दिनांक- 28-फरवरी-2019 ऋण राशि रु.7,27,175/-

दिनांक: 30 नवंबर 2023
स्थान: गुरुग्राम, हरियाणा

प्राधिकृत अधिकारी, नीरज त्रिपाठी मोबाईल- 9811329550
उम्मीद हाउसिंग फायनान्स प्राइवेट लिमिटेड

गांधी सेवा सदन का 72वां स्थापना दिवस

देवेन्द्र स्मृति समारोह में लोककर्मियों का सम्मान

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला मुख्यालय पर स्थित गांधी सेवा सदन के 72वें स्थापना दिवस आयोजन के द्वितीय दिवस बुधवार को आयोजित 'देवेन्द्र स्मृति समारोह' में देवेन्द्र पुरस्कार, देवेन्द्र बाल प्रतिभा पुरस्कार और देवेन्द्र सम्मान से लोककर्मियों को सम्मानित किया गया। अणुव्रत गीत 'संयममय जीवन हो...' के संगान से आरंभ हुए समारोह में संस्था उपाध्यक्ष गणपत धर्मावत ने स्वागत करते हुए कहा कि देवेन्द्र काका स्वप्नदर्शी कल्पनाकार थे। जिन्होंने नैतिक मूल्यों की स्थापना एवं शिक्षा के द्वारा राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। गांधी एवं तुलसी के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करना ही देवेन्द्र काका का उद्देश्य रहा। पुर (भीलवाड़ा) ग्राम के 87 वर्षीय अणुव्रती कार्यकर्त्ता देवीलाल, नारायणलाल बैरवा को संयुक्त रूप से देवेन्द्र पुरस्कार 2023' से संस्था पदाधिकारियों ने ताम्रपत्र, साहित्य, इक्कीस हजार रू की राशि एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही बाल निकेतन की प्रतिभाशाली छात्रा गुंजन खत्री को 'देवेन्द्र बाल प्रतिभा पुरस्कार 2023' के अन्तर्गत ताम्रपत्र, पांच हजार रू., साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया।

देवेन्द्र भाई अणुव्रत की नींव के पहले पत्थर थे : बाल कलाकारों ने देवेन्द्र काका के जीवन की प्रमुख घटनाओं की नृत्यमय प्रस्तुति कर परिषद् को भाव विभोर कर दिया। गुंजन खत्री ने सामाजिक विकास में देवेन्द्र काका के योगदान को प्रस्तुत करते हुए कहा कि देवेन्द्र काका ने महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिये पन्द्रह वर्ष की छोटी उम्र में ही प्रयास प्रारंभ कर दिए। मुख्य अतिथि अणुव्रत महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने कहा कि देवेन्द्र भाई अणुव्रत की नींव के पहले पत्थर थे। गांधी सेवा सदन उनके कृतित्व का सजीव उदाहरण है। गोपाल पंचौली, डालचंद सौलंकी ने सामाजिक जीवन के अनुभवों का साझा कर बालपीढ़ी से समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया।

लाजपतराय जैन ने अणुव्रत दर्शन पर प्रकाश डाला। गोपाल पंचौली एवं डालचंद सौलंकी ने स्व जीवन के रूपांतरण की कहानी से प्रेरित किया। रमेश बंसल ने काका की संघर्षमय जीवन यात्रा को शब्द देते हुए कहा कि देवेन्द्र काका ने गांव-गांव में पैदल जाकर आजादी के संदेश को पहुंचाया तो जेल यात्रा कर अंग्रेजों की यंत्रणाओं को भोगा। देवेन्द्र शताब्दी वर्ष में अणुव्रत आंदोलन के लोककर्मी गोपाल पंचौली शाहपुरा, डालचंद सोलंकी दिवेर, लाजपतराय जैन हांसी, रमेश बंसल भिवानी, सुरेन्द्र जैन भिवानी को उनकी सामाजिक सेवाओं के संदर्भ में देवेन्द्र सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. महेन्द्र कर्णावट एवं चावली चौधरी ने ऐतिहासिक संदर्भों की प्रस्तुति के साथ संयोजन किया।

मन में खोट, दिल में पाप तो सारे मंत्र जाप बेकार : मुनि अतुल

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। मुनि रविंद्र कुमार एवं मुनि शहर निवासी अतुल कुमार कमलेश तलेसरा के निवास स्थान पर विराज रहे हैं। रात्रि कालीन प्रवचन माला में मुनि अतुल कुमार ने कहा मन के अंदर हर तरह के भाव होते हैं। वह संतोषी भी बनाता है और भटकने का इंतजाम भी करा देता है। अगर हम मन की चंचलता पर काबू पा लें तो हमसे बड़ा सुखी प्राणी और कोई नहीं। चंचलता हमारे मन को छोटा करती है और यही हमारे सारे दुखों की वजह है। माला गिनने बैठे कि तूफान खड़ा हो जाता है, सैकड़ों विचार आ जाते हैं। न जाने कहा-कहा की बातें याद आने लगती हैं। मन में जब तक खोट और दिल में पाप है, तब तक बेकार सारे मंत्र और जाप हैं। विश्व का असीम पुस्तकालय आपके मन में ही विद्यमान है। मन की एकाग्रता में सारा ज्ञान छिपा है। यदि मन नियंत्रण से बाहर हो तो गुफा के अंदर भी रहने का कोई फायदा नहीं क्योंकि वो सारा उत्पात वहां भी मचा देगा जो गुफा के बाहर मचाता है। गुफा में भी बीसों शैतान मिलेंगे क्योंकि वो मन में विद्यमान हैं। मन ही साथी मन ही दुश्मन, मन के रूपों को पहचान। भला बुरा सब रहता मन में सबसे पहले मन को जान। मन की साधना जो कर लेता कहलाता वो विद्वान।

ICICI Home Finance | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय: एस-32, जेडीए मार्केट, गोपालपुरा, मानसरोवर लिंक रोड, रिद्धि सिद्धि स्वीट्स के पास, जयपुर -302018

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	पुखराज (उधारकर्ता) मनभरी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHJAI00001271635	फ्लैट नंबर 18, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक एफ, पार्ट ए और पार्ट बी, परी रेजीडेंसी, गांव चक हरजंतपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर-303902 जयपुर राजस्थान 303902	रु. 5,82,137/- 22 नवंबर, 2023	रु. 4,29,165/- / रु. 42,920/-	11 दिसंबर 2023 सुबह 11:00 बजे 03:00 अपराह्न	19 दिसंबर, 2023 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **18 दिसंबर, 2023** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एस-32, जेडीए मार्केट, गोपालपुरा, मानसरोवर लिंक रोड, रिद्धि सिद्धि स्वीट्स के पास, जयपुर -302018** तहत **दि. 18 दिसंबर, 2023** को **शाम 04.00** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एस-32, जेडीए मार्केट, गोपालपुरा, मानसरोवर लिंक रोड, रिद्धि सिद्धि स्वीट्स के पास, जयपुर -302018** तहत **दि. 18 दिसंबर, 2023** को **शाम. 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **जयपुर** तहत पेश करें। जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क्र. 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 01 दिसंबर 2023
स्थान : जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड

श्रीगंगानगर-ऋषिकेश-श्रीगंगानगर एवं बाडमेर-ऋषिकेश-बाडमेर रेलसेवा के आगमन/प्रस्थान स्टेशन में परिवर्तन

जयपुर (का.सं.)। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल पर ऋषिकेश यार्ड में नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण दिनांक 05.12.23 से 12.12.23 तक श्रीगंगानगर-ऋषिकेश-श्रीगंगानगर एवं बाडमेर-ऋषिकेश- बाडमेर रेलसेवा ऋषिकेश के स्थान पर योगनगरी ऋषिकेश से प्रस्थान/आगमन करेगी । उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार:-**1.** गाडी संख्या 14815/14816, श्रीगंगानगर-ऋषिकेश-श्रीगंगानगर रेलसेवा दिनांक 05.12.23 से 12.12.23 तक ऋषिकेश के स्थान पर योगनगरी ऋषिकेश से प्रस्थान/आगमन करेगी। **2.** गाडी संख्या 14888/14887, बाडमेर-ऋषिकेश-बाडमेर रेलसेवा बाडमेर से दिनांक 04.12.23 से 11.12.23 तक प्रस्थान करने वाली एवं ऋषिकेश से दिनांक 05.12.23 से 12.12.23 तक प्रस्थान करने वाली ऋषिकेश के स्थान पर योगनगरी ऋषिकेश से प्रस्थान/आगमन करेगी।

दो माह से आमेट जिलोला रोड निर्माण के अधूरे पड़े कार्य से वाहन चालक परेशान

आमेट (प्रातःकाल संवाददाता)। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा आमेट से जिलोला रोड़ का निर्माण कार्य विगत 2 माह से बंद पड़े रहने से वाहन चालकों को आने जाने में काफी परेशान होना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार सावंजनिक निर्माण विभाग खण्ड आमेट द्वारा स्वीकृत राशि 1335.00 लाख रूपए की लागत से आमेट से जिलोला 10 किमी लम्बा रोड़ का निर्माण 24 जुलाई 2023 से आरम्भ किया गया था। परन्तु संबंधित ठेकेदार द्वारा इस रोड़ की चौडाई बढाने के लिए एक ओर से रोड के पास एक-एक फुट गहरे व पांच फीट चौड़ी रोड को खोद कर निर्माण कार्य करीब दो माह से अधूरा छोड़ देने से इस रोड़ से आने जाने वाले वाहन चालकों को गुजरने में काफी परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञात हुआ है कि रात्री के समय रोड के समिप बने गहरे खड्डे दिखाई नही देते है। जिससे वाहन क्रोसिंग व ओवरटेक करते समय वाहनों के खडे मे गिर कर हर समय हादसा होने की सम्भावना बनी रहती है।

दहेज उत्पीडन के मामले में पति गिरफ्तार

कामां (प्रा.सं.)। थाना कामां पुलिस ने दहेज उत्पीडन के मामले में जुरहरा थाने के गांव खेडली नानू निवासी एक पति को गिरफ्तार किया है। कामां थाना एसआई अन्तूलाल ने बताया कि कामां थाने के गांव ऊधन निवासी मुज्जी मेव की पुत्री माफिया ने कामां थाने में अपने पति सहित ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। जिस मामले में पुलिस ने जुरहरा थाने के गांव खेडली नानू निवासी विवाहिता के पति सालीम पुत्र हाकिम मेव को गिरफतार किया है।

प्रोडक्शन वारंट से पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

डीग (प्रा.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में थाना कोतवाली प्रभारी हरवीर सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को एक दर्ज मामले में पांच हजार के इनामी फरार आरोपी करतार सिंह पुत्र शिब्बो उर्फ शिवसिंह जाति गुर्जर उम्र 24 साल निवासी नंगला रावजी थाना सेवर को प्रोडक्शन वारंट पर केन्द्रीय कारागृह सेवर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक जिला भरतपुर द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मतगणना को लेकर तैयारियों की समीक्षा 199 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 36 मतगणना केंद्रों पर 1121 एआरओ की ड्यूटी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तैनात रहेगी सीएपीएफ और आरएसी की 175 कम्पनियां

जयपुर (का.सं.)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 की मतगणना के लिए मतगणना केंद्रों पर माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से सभी केंद्रों पर पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे से ईवीएम के माध्यम से मतगणना आरंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सभी 36 केंद्रों पर मतगणना के लिए 1121 एआरओ की ड्यूटी लगाई गई है। जयपुर, जोधपुर एवं नागौर में दो-दो केंद्रों पर और शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी।

गुप्ता ने बताया कि 51890 मतदान केन्द्रों पर ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना के लिए मतगणना केन्द्रों पर 2524 टेबल लगाई गई है। इनमें कुल 4245 राउंड में मतों की गिनती का कार्य पूरा होगा। शिव विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना सर्वाधिक 41 राउंड तक चलेगी, जबकि अजमेर दक्षिण के लिए मतगणना 14 राउंड में ही पूरी हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल और उसके आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा इंतजामों के अंतर्गत केन्द्रीय पुलिस बल और आरएएसी की व्यापक तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है ताकि मतगणना स्थल पर किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं आए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय पुलिस बलों की 40 कम्पनियां ईवीएम की सुरक्षा के लिए और आरएसी की 36 कम्पनियां मतगणना केन्द्रों पर तैनात रहेंगी। आरएएसी की 99 कम्पनियां विभिन्न जिलों में कानून-व्यवस्था के मद्देनजर तैनात की जाएंगी।

इन चुनावों में कुल 4 लाख 36 हजार 664 मतदाताओं ने पोस्टल बैलट का उपयोग किया है, जिसमें से 80 वर्ष से अधिक उम्र के 49 हजार 365, दिव्यांग श्रेणी के 11 हजार 656 एवं आवश्यक सेवाओं के 4 हजार 427 तथा मतदान प्रक्रिया में जुटे 3 लाख 71 हजार 166 मतदाता शामिल है।

गुप्ता ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए परिणाम बिना किसी त्रुटि एवं देरी के समय रहते घोषित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतगणना में पूर्ण निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाई जा चुकी 'मैंडेटरी वैरीफिकेशन' पद्धति को भी लागू किया जाएगा। इसमें संपूर्ण मतगणना के बाद प्रत्येक विधानसभा के मतदान केंद्रों से लॉटरी से 5-5 वीवीपैट का चयन कर उसकी पर्चियों की गणना कर, ईवीएम से प्राप्त मतों से मिलान किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधक विभाग

विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-प्रॉक्युअरमेंट निविदा सूचना सं. S/35/2023 Date 29.11.2023

अनु. सं.	बाबी का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
733	ईलेक्ट्रॉनिक रेक्टीफायर तथा रेग्युलेटर युनिट	70 संख्या	14 दिसंबर, 2023
734	प्रतिष्ठापित लीवर असेंबली	1675 संख्या	15 दिसंबर, 2023
735	अल्को डिझेल लोकोज के ॲक्सल बॉक्स सिलींड्रीकल रोलर बीअरिंग हेतु ग्रीस	15106 केजी	15 दिसंबर, 2023
736	थिन वॉल्ड ई बीम के लिए केबल टर्मिनल/ स्लीव्ज का सेट	54 सेट्स	18 दिसंबर, 2023
737	रूफ अर्थिंग स्विच (एचओएम)	25 संख्या	18 दिसंबर, 2023
738	होल्डींग मॅग्नेट व्हेल्व टाईप ईव्ही 208-3व्हीटी	198 संख्या	19 दिसंबर, 2023
739	मेन कॉम्प्रेसर	105 संख्या	20 दिसंबर, 2023
740	ॲक्सल बॉक्स असेंबलीज का सेट	35 सेट	20 दिसंबर, 2023
741	सर्वोप्लेक्स एसएचएसी-120	11011 किग्रॅ	20 दिसंबर, 2023
742	डबल लाईन के लिए यूएफएसबीआय का वापर करके बीपीएससी	3 सेट्स	21 दिसंबर, 2023
743	ट्रान्सफॉर्मर ऑईल पम्प	60 संख्या	21 दिसंबर, 2023
744	एलएचबी कोचेस के लिए एमर्जेन्सी बॅटरी चार्जर	75 संख्या	22 दिसंबर, 2023
745	इंटरमेडिएट ओव्हरहॉलिंग किट	192 सेट	23 दिसंबर, 2023
746	हेल्थ फॉसेट - 1/2	10649 संख्या	25 दिसंबर, 2023
	रिव्हर्स निलामी		
61	अन-इन्स्युलेटेड कॅडमीअम कॉपर कॅटेनरी वायर 125 मीमी 2	127.50 केएम	18 दिसंबर, 2023
62	आरडीएसओ एसपीएन, आयआरएस : एस-24/2002 सुधारित 01 एवं नए आ